# मिशन होश में युवाओं को दिया नशामुक्त जीवन जीने का संदेश : डा. कमल गुप्ता

## सीआरएस आडिटोरियम में नशा रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जागरण संवाददाता • हिसार :** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं आइएमए महिला चिकित्सा विंग हिसार की ओर से सीआरएस आडिटोरियम में मिशन होश-नशा मुक्ति एवं रोकथाम अभियान विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ व सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री डा. कमल गुप्ता मुख्यातिथि रहे, जबकि अध्यक्षता कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की।

डा. कमल गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में नशा युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। यदि युवाओं को सही समय पर जागरूक किया जाए और उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान की जाए तो वे न केवल स्वयं को नशे से दूर रख सकते हैं बल्कि समाज में भी नशामुक्ति का संदेश फैला सकते हैं। मनुष्य का जीवन अमूल्य है, इसे नशे के माध्यम से बर्बाद नहीं करना चाहिए। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल ज्ञान का केंद्र ही नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और नैतिक मूल्यों के निर्माण का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और ऐसे अभियान विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करने में सहायक सिद्ध होते हैं। नशा मुक्त युवा ही विकसित राष्ट्र की आधारशिला है। विशिष्ट अतिथि डा. अजय महाजन ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित करने के साथ ही यह परिवार और समाज की संरचना को भी कमजोर करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए आत्मसंयम को नशामुक्त जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बताया।




गुजविप्रौवि में कार्यक्रम में प्ले प्रस्तुति के प्रतिभागियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डा. कमल गुप्ता, कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व अन्य • पीआरओ।

### युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए मिलकर प्रयास करने होंगे: डा. वीर सिंह

मुख्य वक्ता डा. वीर सिंह ने नशे के मनोवैज्ञानिक और सामाजिक प्रभावों बारे कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए परिवार, शिक्षण संस्थानों और समाज को मिलकर प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम के तहत कईप्रतियोगिताएं आयोजित की गई। हिंदी भाषण (वाद-विवाद) में हिंदी नवीन कुमार, अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में मनस्वी आर्या, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में पलक एवं आरती, रंगोली प्रतियोगिता में नैसी एवं स्नेहलता, तथा स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में अपूर्वा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया।




जीजेयू में आयोजित कार्यक्रम में प्ले प्रस्तुति के प्रतिभागियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

# सही दिशा और जागरूकता से युवाओं को नशे से दूर रख सकते हैं : डॉ. गुप्ता

## जीजेयू में मिशन होश नशा मुक्ति एवं रोकथाम के तहत कार्यक्रम

भास्कर न्यूज | हिसार

जीजेयू में शुक्रवार को मिशन होश नशा मुक्ति एवं रोकथाम अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और आईएमए महिला चिकित्सा विंग के संयुक्त तत्वावधान में सीआरएस ऑडिटोरियम में हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों और चिकित्सकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता मुख्यातिथि रहे, जबकि कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने अध्यक्षता की। डॉ. अजय महाजन विशिष्ट अतिथि और डॉ. बीर सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डॉ. वंदना बिश्नोई, कुलसचिव डॉ. विजय कुमार, डॉ. अनीशा महाजन, डॉ. मीनाक्षी बंसल, डॉ. संगीता गिरधर और डॉ. अर्चना सोनी सहित कई चिकित्सक, शिक्षाविद् व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यातिथि डॉ. गुप्ता ने कहा नशा आज युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। समय रहते सही दिशा और जागरूकता मिलने पर युवाओं को नशे से दूर रख सकते हैं। कुलपति प्रो. बिश्नोई ने कहा विवि ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों के निर्माण का भी केंद्र है। इस दौरान समाज सेवा और स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान के लिए डॉ. सत्या सावंत, डॉ. रंजु पोपली, डॉ. रितु चोपड़ा, डॉ. सरिता कालड़ा और डॉ. मनीषा मेहता को सम्मानित किया।

# गुजवि में 'मिशन होश-नशा मुक्ति एवं रोकथाम अभियान' चलाया

# नशा युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती: डॉ. गुप्ता

## कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को दिया नशामुक्त जीवन का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸। हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं आईएमए महिला चिकित्सा विंग के संयुक्त तत्वावधान में सीआरएस ऑडिटोरियम में 'मिशन होश-नशा मुक्ति एवं रोकथाम अभियान' विषयक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ, सकारात्मक और अनुशासित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता कार्यक्रम में मुख्यातिथि रहे जबकि अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। डॉ. अजय महाजन विशिष्ट अतिथि जबकि डॉ. बीर सिंह कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डॉ. वंदना बिश्नोई व कुलसचिव डॉ. विजय कुमार सहित चिकित्सक प्रकोष्ठ की सम्मानित चिकित्सक डॉ. अनीशा महाजन, डॉ. मीनाक्षी बंसल, डॉ. संगीता गिरधर, डॉ. अर्चना सोनी, शिक्षाविद्, चिकित्सक, अधिकारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।




हिसार। कार्यक्रम में प्ले प्रस्तुति के प्रतिभागियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि पूर्व मंत्री डा. कमल गुप्ता एवं कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

### मनुष्य का जीवन अमूल्य

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में नशा युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। यदि युवाओं को सही समय पर जागरूक किया जाए और उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान की जाए तो वे न केवल स्वयं को नशे से दूर रख सकते हैं बल्कि समाज में भी नशामुक्ति का संदेश फैला सकते हैं। मनुष्य का जीवन अमूल्य है, इसे नशे के माध्यम से बर्बाद नहीं करना चाहिए। कुलपति प्रो बिश्नोई ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल ज्ञान का केंद्र ही नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और नैतिक मूल्यों के निर्माण का भी महत्वपूर्ण माध्यम है।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर डॉ. सरीना हसीजा, डॉ. अंजू गुप्ता, डॉ. तरुणा, डॉ. सुनीता रानी, डॉ. विनीता, डॉ. रामस्वरूप, डॉ. शिवानी यादव, डॉ. सुमित शर्मा, डॉ. खुशबू सेठी, डॉ. समृद्धि, डॉ. ज्योति, डॉ. विकास जांगड़ा सहित स्वयंसेवक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### नशा करता है समाज की संरचना को कमजोर

विशिष्ट अतिथि डॉ. अजय महाजन ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित करने के साथ ही यह परिवार और समाज की संरचना को भी कमजोर करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए आत्मसंयम और जागरूकता को नशामुक्त जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बताया। मुख्य वक्ता डॉ. बीर सिंह ने नशे के मनोवैज्ञानिक और सामाजिक प्रभावों पर प्रकाश डाला।

### हिंदी भाषण में नवीन रहा प्रथम

कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिन पूर्व आयोजित रचनात्मकता एवं बौद्धिक कौशल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में हिंदी भाषण (वाद-विवाद) प्रतियोगिता में नवीन कुमार, अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में मनस्वी आर्या, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में पलक एवं आरती, रंगोली प्रतियोगिता में नैन्सी एवं स्नेहलता, तथा स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में अपूर्वा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान इन सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया।

### महिला चिकित्सकों को किया सम्मानित

इस अवसर पर समाज सेवा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली हिसार की महिला चिकित्सकों डॉ. सत्या सावंत, डॉ. रंजू पोपली, डॉ. रितु चौपड़ा, डॉ. सरिता कालड़ा और डॉ. मनीषा मेहता को विश्वविद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया।

# Guru Jambheshwar University of Science & Technology

('A+' Grade NAAC Accredited State Govt. University)

(NOT ME BUT YOU)

## National Service Scheme
## University Health Centre

In collaboration with

## IMA Women Doctors Wing

Jointly Host

# MISSION HOSH

## Drug De-Addiction & Prevention Drive

**Special Attraction: Play 'Papa Catch' by Students of OPJMS**

**Choreography by Jhankar Club**





Chief Guest
Dr. Kamal Gupta
Former Cabinet Minister
Govt. of Haryana



Patron
Prof. Narsi Ram Bishnoi
Vice Chancellor
GJUST, Hisar



Guest of Honor
Dr. Ajay Mahajan
Past President IMA Haryana
Satyam Familycare Hospital, Hisar

IMA WOMAN DOCTORS WING HARYANA
WDW
The Vision of Women in Medicine

**Choose Papa.. Lose Drugs!**

Date 10/04/2026 | TIME 10:30 AM | CRS Auditorium